Regarding problems being faced by the pipe lines of Har Ghar Jal Har Ghar Nal Scheme

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): सभापति महोदय, धन्यवाद । माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश के हर घर को नल से जल देने की योजना पूरे देश में चलाई जा रही है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में भी इस पर काम चल रहा है । इसके अंतर्गत जो पाइप लाइन डाली जाती है और पाइप लाइन डालने के बाद रास्ता खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे लोगों को असुविधा होती है । मैं आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि जैसे ही उसकी लाइन डाली जाए, उसके बाद तुरंत रास्तों को सही कर दिया जाए । इसके लिए विभाग को सरकार से निर्देश दिए जाने चाहिए ।